Series : JBB/3

**SET – 2**

कोड नं.
Code No. **32/3/2**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| | नोट | | NOTE |
|---|---|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **13 + मानचित्र** हैं । | (I) | Please check that this question paper contains **13 + Map** printed pages. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिनें हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें । | (II) | Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं । | (III) | Please check that this question paper contains **35** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।** | (IV) | **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे । | (V) | 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*
*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **80***

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

*(i)* *प्रश्न-पत्र* ***चार*** *खण्डों में विभाजित किया गया है – क, ख, ग एवं घ ।*
*इस प्रश्नपत्र में प्रश्नों की संख्या 35 है ।* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* ***खण्ड-क*** *में प्रश्न संख्या 1 से 20 तक अतिलघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।*

*(iii)* ***खण्ड-ख*** *में प्रश्न संख्या 21 से 28 तक लघुउत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए ।*

*(iv)* ***खण्ड-ग*** *में प्रश्न संख्या 29 से 34 तक दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए ।*

*(v)* ***खण्ड-घ*** *प्रश्न संख्या 35 मानचित्र आधारित प्रश्न है , यह प्रश्न 6 अंक का है । जो कि इतिहास से (35 अ -* ***दो*** *अंक) तथा भूगोल (35 ब -* ***चार*** *अंक) से संबंधित है ।*

*(vi)* *उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होना चाहिए और साथ ही उपरोक्त शब्द सीमा का यथासंभव पालन किया जाना चाहिए ।*

*(vii)* *प्रश्नपत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है । तथापि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । ऐसे प्रश्नों में* ***केवल एक ही विकल्प का उत्तर*** *लिखिए ।*

*(viii)* *मानचित्र को अपनी उत्तर पुस्तिका के साथ नत्थी करें ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं ।*

## खण्ड – क

1. सन 1834 में प्रशा की पहल पर बनाए गए शुल्क संघ का नाम लिखिए । **1**

2. 'प्रति व्यक्ति आय' शब्द को परिभाषित कीजिए । **1**

**अथवा**

'साक्षरता दर' शब्द को परिभाषित कीजिए । **1**

3. निम्नलिखित में से गलत विकल्प का चयन कीजिए :

| | **सूची-I** | | **सूची-II** |
|---|---|---|---|
| (a) | कोरियर | (1) | तृतीयक क्षेत्रक |
| (b) | मछुआरा | (2) | प्राथमिक क्षेत्रक |
| (c) | बढ़ई | (3) | प्राथमिक क्षेत्रक |
| (d) | बैंकर | (4) | तृतीयक क्षेत्रक |

**1**

4. केंद्रीय सरकार की ओर से निम्नलिखित में कौन करेंसी नोट जारी करता है ?
   (a) भारतीय स्टेट बैंक
   (b) भारतीय रिज़र्व बैंक
   (c) भारतीय वाणिज्यिक बैंक
   (d) यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया **1**

## General Instructions :

**Read the following instructions very carefully and strictly follow them :**

*(i)* *The question paper comprises* ***four*** *Sections,* ***A, B, C*** *and* ***D****. There are* ***35*** *questions in the question paper.* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* ***Section A*** *– question no.* ***1*** *to* ***20*** *are very short answer type questions, carrying* ***1*** *mark each.*

*(iii)* ***Section B*** *– question no.* ***21*** *to* ***28*** *are short answer type questions, carrying* ***3*** *marks each. Answer of each question should not exceed* ***80*** *words.*

*(iv)* ***Section C*** *– question no.* ***29*** *to* ***34*** *are long answer type questions, carrying* ***5*** *marks each. Answer of each question should not exceed* ***120*** *words.*

*(v)* ***Section D*** *– question no.* ***35*** *is map based carrying* ***6*** *marks with two parts* ***35 a*** *from History (2 marks) and* ***35 b*** *from Geography (4 marks).*

*(vi)* *Answer should be brief and to the point, also the above word limit be adhered to as far as possible.*

*(vii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions have to be attempted.*

*(viii)* *Attach MAP along with your answer book.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

### Section – A

1. Name the customs union formed at the initiative of Prussia in 1834. **1**

2. Define the term Per Capita income. **1**

**OR**

Define the term Literacy rate. **1**

3. Choose the incorrect option from the following :

| | List I | | List II |
|---|---|---|---|
| (a) | Courier | (1) | Tertiary Sector |
| (b) | Fisherman | (2) | Primary Sector |
| (c) | Carpenter | (3) | Primary Sector |
| (d) | Banker | (4) | Tertiary Sector |

**1**

4. Which among the following issues currency notes on behalf of the Central Government ?

(a) State Bank of India  (b) Reserve Bank of India

(c) Commercial Bank of India  (d) Union Bank of India **1**

5. मक्का फसल के लिए आवश्यक तापमान लिखिए । 1

**अथवा**

गेहूँ की कृषि के लिए आवश्यक वार्षिक वर्षा की मात्रा लिखिए । 1

6. व्यवसाय प्रक्रिया बाह्यस्रोतीकरण (बी.पी.ओ.) भारत में ________ उद्योग का एक उदाहरण है । 1

**अथवा**

चूना पत्थर, सिलिका, एल्यूमिना और जिप्सम _______ उद्योग के कच्चे माल हैं । 1

7. निम्नलिखित कथन को सही करके लिखिए :
सरकार द्वारा अवरोधों अथवा प्रतिबंधों को हटाने की प्रक्रिया वैश्वीकरण के नाम से जानी जाती है । 1

**अथवा**

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आई.एम.एफ.) वह संगठन है जिसका उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को उदार बनाना है । 1

8. जनता की आवश्यकता और माँग के प्रति राजनीतिक दलों को अधिक उत्तरदायी बनाने के लिए कोई एक रास्ता सुझाइए । 1

**अथवा**

लोकतंत्र की गुणवत्ता में अधिवृद्धि हेतु राजनीतिक दलों में जनसहभागिता की प्रोन्नति का कोई एक उपाय सुझाइए । 1

9. भारत में पर्यटन की प्रोन्नति के लिए कोई एक सुझाव लिखिए । 1

10. निम्नलिखित में से किसने 'वन्दे मातरम्' लिखा ?
(a) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(b) बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय
(c) अबनीन्द्रनाथ टैगोर
(d) द्वारकानाथ टैगोर 1

11. नीचे दिए गए मृदा के लक्षणों को पढ़िए और संबंधित मृदा का नाम लिखिए :

| | |
|---|---|
| (i) | इस मृदा में रेत, सिल्ट और मृत्तिका के विभिन्न अनुपात पाये जाते हैं । |
| (ii) | इनकी पहचान आयु से होती है । |
| (iii) | यह बहुत उपजाऊ होती है । |

1

12. नीचे दिए गए प्रश्न दो कथनों – दृढ़ कथन (A) और कारण (R) के रूप में दिए गए हैं । कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

**दृढ़ कथन (A) :** लोकतंत्र एक वैध शासन है ।

**कारण (R) :** नियमित, स्वतंत्र और स्वच्छ चुनावों का होना लोकतंत्र की भावना है ।

**विकल्प :**

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं । (R) सही स्पष्टीकरण है (A) का ।
(b) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।
(c) (A) सही है, परंतु (R) सही नहीं है ।
(d) (A) सही नहीं है, परन्तु (R) सही है । 1

5. Write the temperature requirement of Maize crop. 1

**OR**

Write the amount of annual rainfall required for the cultivation of Wheat. 1

6. Business Processes Outsourcing (BPO) is an example of _______ industry in India. 1

**OR**

Lime stone, silica, alumina and gypsum are the raw materials of _______ industry. 1

7. Correct the following statement and rewrite it.
Removing barriers or restrictions by the government is known as Globalisation. 1

**OR**

International Monetary Fund (IMF) is an organization whose aim is to liberalise international trade. 1

8. Suggest any one way to make political parties more responsive to the people's need and demand. 1

**OR**

Suggest any one way to promote the public participation in the Political Parties for enhencing the quality of democracy. 1

9. Suggest any one way to promote tourism in India. 1

10. Who among the following wrote the Vande Mataram ?
(a) Rabindranath Tagore (b) Bankim Chandra Chattopadhyay
(c) Abindranath Tagore (d) Dwarkanath Tagore 1

11. Read the features of a soil given below and name the related soil.

| | |
|---|---|
| (i) | It consists of properties of sand, silt and clay. |
| (ii) | It is described on the basis of age. |
| (iii) | It is very fertile. |

1

12. In the question given below, there are two statements marked as Assertion (A) and Reason (R). Read the statements and choose the correct option :
**Assertion (A) :** Democracy is a legitimate government.
**Reason (R) :** Regular, free and fair elections are the spirit of democracy.
**Options :**
(a) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(b) Both (A) and (R) are incorrect.
(c) (A) is correct, but (R) is incorrect.
(d) (A) is incorrect, but (R) is correct. 1

13. अठारहवीं सदी यूरोप में जनसामान्य के बीच वैज्ञानिक विचारों के प्रसिद्ध होने का निम्नलिखित में से कौन सा कारण नहीं है ?

(a) ईस्साक न्यूटन के मुद्रित विचार (b) छापेखाने का विकास

(c) जनता की कार्य (विज्ञान) और कारण में रुचि (d) परंपरागत कुलीन वर्गों ने इसका पक्ष लिया । **1**

14. द्वितीय विश्व युद्ध के दोनों विरोधी समूहों के नाम लिखिए । **1**

**अथवा**

मुम्बई (बम्बई) के उन दो उद्योगपतियों के नाम लिखिए, जिन्होंने उन्नीसवीं सदी में विशाल औद्योगिक साम्राज्य स्थापित किया । **1**

15. उन्नीसवीं सदी यूरोप में उदारवादी राष्ट्रवाद के विचार से निम्नलिखित में से कौन निकटता से जुड़ा था ?

(a) सामाजिक न्याय पर बल ।

(b) राज्य ने सामाजिक–आर्थिक प्रणाली नियोजित की ।

(c) व्यक्ति के लिए आजादी और कानून के समक्ष सबकी बराबरी ।

(d) राज्य के प्रभुत्व ने राष्ट्रवाद को जन्म दिया । **1**

16. "जब फ्रांस छींक लेता है तो शेष यूरोप ठण्ड से जकड़ जाता है ।" यह प्रसिद्ध पंक्ति निम्नलिखित में से किसने कही ?

(a) ज्युसेपे मैजिनी (b) मैटरनिख (c) ऑटोवॉन बिस्मार्क (d) ज्युसेपे गैरीबॉल्डी **1**

17. कुछ एक घटनाएँ नीचे दी गई हैं । उचित कालक्रमानुसार क्रम का चयन कीजिए :


1. साइमन कमीशन का भारत आना ।
2. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज की माँग ।
3. भारत अधिनियम 1919
4. चम्पारन सत्याग्रह

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) 3 – 2 – 4 – 1 (b) 1 – 2 – 4 – 3

(c) 2 – 3 – 1 – 4 (d) 4 – 3 – 1 – 2 **1**

18. निम्नलिखित तालिका को A और B स्थानों पर उपयुक्त शब्द लिखते हुए पूरा कीजिए :




**1**

13. Which one of the following was NOT the reason for the popularity of scientific ideas among the common people in eighteenth century Europe ?
   (a) Printing of ideas of Isaac Newton
   (b) Development of printing press
   (c) Interest of people in Science and reason
   (d) Traditional aristocratic groups supported it 1

14. Name the two hostile groups of Second World War. 1

**OR**

Name the two industrialists of Bombay who built huge industrial empires during nineteenth century. 1


15. Which among the following best signifies the idea of liberal nationalism of nineteenth century Europe ?
   (a) Emphasis on social justice
   (b) State planned socio-economic system
   (c) Freedom for individual and equality before law
   (d) Supremacy of State oriented nationalism. 1

16. "When France sneezes, the rest of Europe catches cold". Who among the following said this popular line ?
   (a) Guiseppe Mazzini (b) Matternich
   (c) Otto Von Bismarck (d) Guiseppe Garibaldi 1

17. Certain events are given below. Choose the appropriate chronological order :
   1. Coming of Simon Commission to India
   2. Demand of Purna Swaraj in Lahore Session of INC.
   3. Government of India Act, 1919
   4. Champaran Satyagraha

   Choose the correct option :
   (a) 3 – 2 – 4 – 1 (b) 1 – 2 – 4 – 3
   (c) 2 – 3 – 1 – 4 (d) 4 – 3 – 1 – 2 1

18. Complete the following table with appropriate terms in places of A and B.




1

19. निम्नलिखित जानकारी को पढ़िए और उसके लिए एक पारिभाषिक शब्द लिखिए :

| |
|---|
| भारतीय संविधान अपने सभी नागरिकों को किसी धर्म का पालन करने और प्रचार करने की आज़ादी देता है । भारतीय संविधान धर्म के आधार पर किए जाने वाले किसी तरह के भेदभाव को अमान्य करता है । |

1

20. भारतीय संघीय व्यवस्था की भाषा नीति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(1) हिन्दी को राजभाषा माना गया ।

(2) हिन्दी के अलावा अन्य 21 भाषाओं को अनुसूचित भाषा का दर्जा दिया गया है ।

(3) हिन्दी के साथ-साथ अंग्रेजी राजकीय कामों में उपयोग की जा सकती है ।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(a) 1 और 3 (b) 1 और 2 (c) केवल 1 (d) 1, 2 और 3 1

**खण्ड – ख** $3 \times 8$

21. भारत में तृतीयक क्षेत्रक अधिक महत्त्वपूर्ण क्यों हो रहा है ? स्पष्ट कीजिए । 3

**अथवा**

कर्मचारियों द्वारा संगठित क्षेत्रक को प्राथमिकता क्यों दी जाती है ? स्पष्ट कीजिए । 3

22. "आधुनिक समय में संचार के क्षेत्र में बदलाव की गति तीव्र रही है ।" इस कथन की पुष्टि उदाहरणों सहित कीजिए । 3

**अथवा**

"रेल परिवहन की अपेक्षा सड़क परिवहन की महत्ता अधिक है ।" इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए । 3

23. प्राकृतिक गैस को पर्यावरण अनुकूल ईंधन माना जाता है । इसको प्रसिद्ध बनाने के लिए कोई तीन तरीके सुझाइए और उन्हें स्पष्ट कीजिए । 3

24. नीचे दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

आज दुनिया के सौ देश किसी न किसी तरह की लोकतांत्रिक व्यवस्था चलाने का दावा करते हैं । इनका औपचारिक संविधान है, इनके यहाँ चुनाव होते हैं और राजनीतिक दल भी हैं । साथ ही, वे अपने नागरिकों को कुछ बुनियादी अधिकारों की गारंटी देते हैं । लोकतंत्र के ये तत्त्व तो अधिकांश देशों में समान हैं पर सामाजिक स्थिति, अपनी आर्थिक उपलब्धि और अपनी संस्कृतियों के मामले में ये देश एक-दूसरे से काफ़ी अलग-अलग हैं । स्पष्ट है कि इन सबका लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था के नतीजों पर भी असर पड़ता है और एक जगह जो उपलब्धि हो वह दूसरी जगह भी उसी तरह दिखे यह ज़रूरी नहीं है ।

(24.1) विभिन्न देशों के बीच लोकतंत्र के प्रति आकर्षण को स्पष्ट कीजिए । 1

(24.2) अपेक्षित और वास्तविक परिणाम के आधार पर लोकतंत्र के विचार को स्पष्ट कीजिए । 2

25. भारत सरकार द्वारा 1992 में सत्ता के विकेन्द्रीकरण की दिशा में उठाए गए, किन्हीं तीन कदमों का वर्णन कीजिए । 3

26. भारत की आर्थिक और राजनीतिक स्थिति पर प्रथम विश्व युद्ध के निहितार्थों का वर्णन कीजिए । 3

**अथवा**

'सविनय अवज्ञा आंदोलन' में गरीब किसानों की भूमिका का वर्णन कीजिए । 3

19. Read the following information and write a single term for it.

| |
|---|
| The Constitution of India provides freedom to profess and practice any religion to all its citizens.The Constitution of India prohibits discrimination on religious grounds. |

1

20. Consider the following statements regarding language policy of Indian federation.
    (1) Hindi was identified as the official languge.
    (2) Besides Hindi, there are 21 other languages recognized as scheduled languages.
    (3) English can be used along with Hindi for official purpose.

    Choose the right option from the following :

    (a) 1 and 3 (b) 1 and 2 (c) only 1 (d) 1, 2 and 3 1

**Section – B** **3 × 8**

21. Why is the tertiary sector becoming more important in India ? Explain. 3

    **OR**

    Why is organized sector preferrd by the employees ? Explain. 3

22. "The pace of change in the communication sector has been rapid in modern times." Support the statement with examples. 3

    **OR**

    "Roadways have an edge over Railways." Support the statement with examples. 3

23. Natural gas is considered an environmental friendly fuel. Suggest and explain any three ways to make it popular. 3

24. Read the sources given below and answer the questions that follow :

    Over a hundred countries of the world today claim and practice some kind of democratic politics: they have formal constitutions, they hold elections, they have parties and they guarantee rights of citizens. While these features are common to most of them, these democracies are very much different from each other in terms of their social situations, their economic achievements and their cultures. Clearly, what may be achieved or not achieved under each of these democracies will be very different.

    (24.1) Explain the fascination for democracy amongst various countries. 1

    (24.2) Explain democracy on the basis of expected and actual outcome. 2

25. Describe any three steps taken by the Indian Government towards decentralization of power in 1992. 3

26. Describe the implications of First World War on the economic and political situation of India. 3

    **OR**

    Describe the role of poor peasantry in the 'Civil Disobedience Movement.' 3

27. सत्रहवीं सदी के दौरान भारतीय व्यापार किस प्रकार अंग्रेजों के लिए लाभदायक रहा ? स्पष्ट कीजिए । 3

**अथवा**

उन्नीसवीं सदी के मध्य में, ब्रिटेन के अभिजात वर्ग के लोगों ने हाथों से बनी चीजों को प्राथमिकता क्यों दी ? स्पष्ट कीजिए । 3

28. ग्रामीण अर्थव्यवस्था में 'स्वयं सहायता समूहों' की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । 3

## खण्ड – ग

29. उद्योगों की स्थिति को प्रभावित करने वाले उत्तरदायी कारकों की व्याख्या कीजिए । 5

**अथवा**

उन तरीकों को स्पष्ट कीजिए, जिनके द्वारा स्वच्छ जल के औद्योगिक प्रदूषण को घटाया जा सके । 5

30. लोकतांत्रिक देशों में राजनीतिक दलों की आवश्यकता का वर्णन कीजिए । 5

**अथवा**

भारत में राजनीतिक दलों को सुधारने के लिए प्रयासों का वर्णन कीजिए । 5

31. "जाति राजनीति में विविध रूप ले सकती है ।" उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । 5

32. "वैश्वीकरण का प्रभाव समान रूप में नहीं पड़ा है ।" उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । 5

33. नीचे दिए गए स्रोत को पढ़िए और उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**स्रोत – 1 : धार्मिक सुधार और सार्वजनिक बहसें**

यह वह समय था जब समाज और धर्म-सुधारकों तथा हिंदू रूढ़िवादियों के बीच विधवा-दाह, एकेश्वरवाद, ब्राह्मण पुजारीवर्ग और मूर्ति-पूजा जैसे मुद्दों को लेकर तेज़ बहस ठनी हुई थी । बंगाल में जैसे-जैसे बहस चली, लगातार बढ़ती तादाद में पुस्तिकाओं और अख़बारों के ज़रिए तरह-तरह के तर्क समाज के बीच आने लगे ।

**स्रोत – 2 : प्रकाशन के नए रूप**

नई साहित्यिक विधाएँ, जैसे-गीत, कहानियाँ, सामाजिक-राजनीतिक मसलों पर लेख, ये सब पाठकों की दुनिया का हिस्सा बन गए । अपने अलग-अलग तेवरों में इन्होंने इनसानी ज़िंदगी और अंतरंग भावनाओं, और उन सामाजिक-राजनीतिक नियमों पर बल दिया जिनसे इनका स्वरूप तय होता था ।

**स्रोत – 3 : महिलाएँ और मुद्रण**

चूँकि सामाजिक सुधारों और उपन्यासों ने पहले ही नारी जीवन और भावनाओं में दिलचस्पी पैदा कर दी थी, इसलिए महिलाओं द्वारा लिखी जा रही आपबीती के प्रति कुतूहल तो था ही ।

**स्रोत – 1 : धार्मिक सुधार और सार्वजनिक बहसें**

(33.1) मुद्रण ने भारत में उन्नीसवीं सदी के प्रारम्भ में बहसों की प्रकृति को किस प्रकार बदल दिया ? मूल्यांकन कीजिए । 1

27. How had Indian trade been beneficial for the British during seventeenth century ? Explain. **3**

**OR**

Why did the elite of Britain prefer hand made goods in the mid-nineteenth century ? Explain. **3**

28. Explain the role of Self Help Groups in the rural economy. **3**

## Section – C

29. Explain the factors which are responsible for location of industries. **5**

**OR**

Explain the ways through which the industrial pollution of fresh water can be reduced. **5**

30. Describe the necessity of political parties in democratic countries. **5**

**OR**

Describe the efforts to reform political parties in India. **5**

31. "Caste can take various forms in Politics." Explain with examples. **5**

32. "The impact of globalization has not been uniform." Explain with examples. **5**

33. Read the sources given below and answer the questions that follows :

**Source – 1 : Religious Reform and Public Debates**

There were intense controversies between social and religious reformers and the Hindu orthodoxy over matters like widow immolation, monotheism, brahmanical priesthood and idolatry. In Bengal, as the debate developed, tracts and newspapers proliferated, circulating a variety of argument.

**Source – 2 : New Forms of Publication**

New literary forms also entered the world of reading lyrics, short stories, essays about social and political matters. In different ways, they reinforced the new emphasis on human lives and intimate feelings, about the political and social rules that shaped such things.

**Source – 3 : Women and Print**

Since social reforms and novels had already created a great interest in women's lives and emotions, there was also an interest in what women would have to say about their own lives.

**Source – 1 : Religious Reform and Public Debates**

(33.1) Evaluate how did the print shape the nature of the debate in the early nineteenth century in India. **1**

**स्रोत – 2 : प्रकाशन के नए रूप**

(33.2) आप कहाँ तक सहमत हैं कि मुद्रण ने नई दुनिया के अनुभव के द्वार खोले और मानव जीवन का विविध विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया ? **2**

**स्रोत – 3 : महिलाएँ और मुद्रण**

(33.3) मुद्रण संस्कृति ने महिलाओं के जीवन और मनोभाव के प्रति किस सीमा तक बहुत रुचि प्रदर्शित की ? स्पष्ट कीजिए । **2**

34. किसी देश के विकास के मापन के लिए 'यू.एन.डी.पी.' द्वारा प्रयुक्त किया गया मापदण्ड किस प्रकार विश्व बैंक से भिन्न है ? स्पष्ट कीजिए । **5**

**भाग – घ**

**(मानचित्र आधारित प्रश्न)**

35. (a) दो स्थान A और B भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र में अंकित किए गए हैं । उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम, उनके पास खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

(A) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था ।

(B) वह स्थान जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों ने सत्याग्रह आयोजित किया था । **2**

(b) भारत के इसी रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए :

(i) हल्दिया – प्रमुख समुद्री पत्तन

(ii) मोहाली – सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क

(iii) विजयनगर – लोहा व इस्पात औद्योगिक केन्द्र

(iv) नरोरा – आणविक ऊर्जा संयंत्र

(v) टेहरी – बाँध

(vi) थिरूवनंथपुरम् – अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन **4**

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 35 के स्थान है । कोई छः प्रश्न हल करने हैं ।** **(1 × 6 = 6)**

(35.1) उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों ने सत्याग्रह आयोजित किया था ।

(35.2) उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन सितम्बर 1920 में हुआ था ।

(35.3) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ जलियाँवाला बाग घटना घटित हुई ।

(35.4) उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ थिरूवनंथपुरम् अन्तर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन स्थित है ।

(35.5) उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ तारापुर आणविक ऊर्जा संयंत्र स्थित है ।

(35.6) गुजरात में स्थित सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क का नाम लिखिए ।

(35.7) उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ मार्मागाओ समुद्री पत्तन स्थित है ।

(35.8) सेलम लोहा व इस्पात संयंत्र किस राज्य में स्थित है ?

**Source – 2 : New Forms of Publication**

(33.2) To what extent do you agree that print opened up new worlds of experience and gave a vivid sense of diversity of human lives ? **2**

**Source – 3 : Women and Print**

(33.3) To what extent did the print culture reflect a great interest in women's lives and emotions ? Explain. **2**

34. How is the criterion used by the UNDP different from the World Bank for measuring the development of a country ? Explain. **5**

## Section – D
## Map Based Questions

35. (a) Two places A and B are marked on the given political outline map of India. Identify them and write their correct names on the lines drawn near them.
    (A) The place where Indian National Congress Session was held.
    (B) The place where Indigo Planters organized Satyagraha. **2**


    (b) On the same outline Map of India, locate and label any four of the following with appropriate symbols :
    (i) Haldia – Major sea port
    (ii) Mohali – Software technology park
    (iii) Vijayanagar – Iron and Steel Industrial Centre
    (iv) Naraura – Nuclear Power Plant
    (v) Tehri – Dam
    (vi) Thiruvananthapuram – International Airport **4**

**Note : The following questions are for the visually impaired candidates only in lieu of Q. No. 35. Attempt <u>any six</u> questions. (1 × 6 = 6)**

(35.1) Name the state where Indigo Planters organized Satyagraha.
(35.2) Name the state where Indian National Congress session was held in September 1920.
(35.3) Name the place where Jallianwalla Bagh incident took place.
(35.4) Name the state where Thiruvananthapuram Airport is located.
(35.5) Name the state where Tarapur nuclear power plant is located.
(35.6) Name the Software Technology Park is located in Gujarat.
(35.7) Name the state where Marmagao sea port is located.
(35.8) In which state the Salem – Iron & Steel Plant is located ?

प्रश्न सं. **35** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **35**




यहाँ से काटें ---- Cut Here ---- यहाँ से काटें ---- Cut Here